कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी,

पत्रांक :– क्षे0आयु0यू0/2022–23/636 दिनांक :–06 अगस्त 2022

## विज्ञप्ति

मिशन निदेशक के पत्र संख्या–811/151/मि0नि0/2020–21/लखनऊ दिनांक– 06 जनवरी 2021 एवं निदेशक आयुर्वेदिक सेवायें उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या 286/367/2019–20 (II) दिनांक 07 जनवरी 2021 के अनुपालन में योग वेलनेस सेण्टर जनपद–कुशीनगर में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गेनही हेतु एवं शासनादेश संख्या–W– 81/96–आयुष–2–2020–127/2016 आयुष अनुभाग–2 लखनऊः दिनांक 04 दिसम्बर 2020 के अनुपालन में हेल्थ वेलनेस सेण्टर रा0आयु0चि0 परतवाल में निम्न पदों पर आबद्धीकरण हेतु प्रतिमाह देय पारिश्रमिक कालम 7 के अनुसार, आवेदन पत्र निम्न प्रारूप पर पूर्ण विवरण तथा समस्त शैशिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रतियों सहित कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी–कुशीनगर तहसील के सामने छावनी, पड़रौना पिन कोड– 274304 में आमांत्रित की जाती है। आवेदन फार्म की प्रति कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/स्वयं कार्यालय में प्राप्त कराये जा सकते है। आवेदन पत्र प्राप्त कराने की अन्तिम तिथि 21.09.2022 को सांय 05 बजे तक निर्धारित है। साक्षात्कार दिनांक 26.09.2022 को होगा। साक्षात्कार के स्थल की सूचना 08840144744 से दिनांक 24.09.2022 को प्राप्त की जा सकती है, एवं कार्यालय के सूचना पट पर भी साक्षात्कार योग्य अभ्यर्थी की सूची चस्पा कर दी जायेगी। साक्षात्कार का समय, दिवस एवं स्थल मुख्य विकास अधिकारी महोदय, के समयानुसार परिवर्तित भी किया जा सकता है। आयुष हेल्थ वेलनेस सेण्टर में योग प्रशिक्षक (पुरूष) अंशकालीन को प्रति सत्र न्यूनतम एक घण्टे के साथ 32 एवं (महिला) को 20 योग कक्षायें आयोजित करना होगा।

सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत एवं जनपद कुशीनगर के अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी।

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पदों की संख्या | स्थान | योग्यता | उम्र सीमा | मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | योग प्रशिक्षक | 1 | योग वेलनेस सेण्टर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, गेनही कुशीनगर | (1) योग प्रशिक्षकः–<br>(ए) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से साढे पांच वर्षीय कोर्स बैचलर आफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक साइंस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक को वरीयता दी जायेगी।<br>अथवा<br>(बी)1. बी0ए0(योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक बी0एस0सी0(योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/एम0एस0सी0 (योग)/एम0ए0 (योग) डिग्री धारक।<br>2. अनुभव– एक वर्ष।<br>अथवा<br>(सी)1. पी0जी0डिप्लोमा(न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यक्रम) डिप्लोमा धारक।<br>2. अनुभव– दो वर्ष।<br>नोट– कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा के उत्तीर्ण करने के उपरान्त का ही मान्य होगा। | न्यूनतम 21 वर्ष, अधिकतम 65 वर्ष | रू0 27000/– प्रतिमाह एक मुश्त पारिश्रमिक |

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
कुशीनगर

Scanned with CamScanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2. | योग सहायक | 1 | योग वेलनेस सेण्टर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, गेनही कुशीनगर | (2) योग सहायकः– इण्टरमीडिएट या समकक्ष योग्यता के उपरान्त योग सेण्टर/नेचुरोपैथी सेण्टर/आयुष चिकित्सालय– जिसमें स्वस्थवृत्त एवं योग से सम्बन्धित क्लीनिक (बहिरंग) में कार्य करने का दो वर्षीय अनुभव हो। | न्यूनतम 21 वर्ष, अधिकतम 65 वर्ष | रू0 10000/– प्रतिमाह एक मुश्त पारिश्रमिक |
| 3 | योग प्रशिक्षक | 1 | हेल्थ वेलनेस सेण्टर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय परतावल कुशीनगर | (1) योग प्रशिक्षक (अंशकालीन):–<br>(ए) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों से साढे पांच वर्षीय कोर्स, बैचलर आफ नेचुरोपैथी एण्ड योगिक सांइस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक को वरीयता दी जायेगी।<br>अथवा<br>(बी)1. बी0ए0(योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/बी0एस0सी0(योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/एम0एस0सी0 (योग)/एम0ए0 (योग) डिग्री धारक।<br>2. अनुभव– एक वर्ष।<br>अथवा<br>(सी)1. पी0जी0डिप्लोमा(न्यूनतम एक वर्षीय पाठ्यक्रम) डिप्लोमा धारक।<br>2. अनुभव– दो वर्ष।<br>अथवा<br>(डी)1. योग सर्टिफिकेशन बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा "योग वेलनेस इन्स्ट्रक्टर" प्रमाण पत्र धारक।<br>2. अनुभव– एक वर्ष।<br>नोट–1. हेल्थ वेलनेस सेण्टर में योग प्रशिक्षक पद हेतु स्थानीय निवासी को वरीयता दी जायेगी।<br>2. कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/पी0जी0 डिप्लोमा के उत्तीर्ण करने के उपरान्त का ही मान्य होगा। | न्यूनतम 21 वर्ष, अधिकतम 65 वर्ष | 8000.00 प्रतिमाह एकमुश्त पारिश्रमिक |
| | योग प्रशिक्षक (महिला) | 1 | | | | 5000.00 प्रतिमाह एकमुश्त पारिश्रमिक |

(डा0 रामभरोस गुप्त)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
कुशीनगर।

Scanned with CamScanner

अभ्यार्थी हेतु सामान्य निर्देशः–

1.. आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/एवं कार्यालय में प्राप्त कराये जा सकते है। यह तैनाती वित्तीय वर्ष 2022–23 (एक वर्ष) के लिए है, जो पूर्णतः अंशकालीन का पद है। तैनाती अवधि शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेषों के अधीन होगी।

2. आवेदन पत्र पर स्व प्रमाणित नवीनत्म पासपोर्ट साइज की फोटो ग्राफ चस्पा करें।

3. आवेदन पत्र कार्यालय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, कुशीनगर, निकट तहसील सदर पड़रौना रोड पड़रौना पिन कोड – 274304 दिनांक 21.09.2022 को सायंकाल 05 बजे तक प्राप्त किये जायेगें निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगें।

4. अभ्यर्थी के अर्ह अथवा अनर्ह/अयोग्य होने के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा, अपूर्ण/त्रृटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जायेगा।

5. आवेदनकर्ता द्वारा इस तैनाती के आधार पर राज्य सरकार के अधीन नियमित पदों पर नियुक्ति पाने का कोई दावा मान्य नही होगा।

6. उपरोक्त विाप्ति में किसी भी प्रकार का संशोधन/निरस्त करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

7. साक्षातकार के समय समसत मूल प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा।

8. अभ्यर्थियों के अर्ह अथवा अनर्ह होने के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

9. लिफाफे के उपर आवेदित पद के नाम का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जायें।

10. साक्षात्कार के लिये कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा।

(डा0 राममरोस गुप्त)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
कुशीनगर।

Scanned with CamScanner

## आवेदन पत्र का प्रारूप

स्व प्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साइज की फोटो ग्राफ चस्पा करें।

1. पद नाम (आवेदित).........................................................................
2. अभ्यर्थी का नाम .........................................................................
3. पिता/पति का नाम .........................................................................
4. पता (क) स्थायी.........................................................................
.........................................................................
(ख) पत्र व्यवहार का पता .........................................................
.........................................................................
.........................................................................
5. जन्म तिथि .........................................................................
6. दिनांक 01/07/2022 को आयु..................वर्ष.............................माह......................दिन
7. मो0नं0 (व्हाट्सएप्प)..........................................ई–मेल आई0डी0..............................................
8. राष्ट्रीयता ......................................................9. जाति/वर्ग.................................................................
10. शैक्षिक एवं व्यवसायिक योग्यता (प्रमाण पत्र स्व प्रमाणित कर संलग्न करे)

| क्र0सं0 | उत्तीर्ण परीक्षा/डिग्री डिप्लोमा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/संस्था का नाम | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

अनुभव–

| क्र0 सं0 | संस्था का नाम जहां से अनुभव प्राप्त किया है। | कब से (DD-MM-YY) | कब तक (DD-MM-YY) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

11. अनुभव, (प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
12. सेवायोजन कार्यालय का नाम व पंजीकरण संख्या –(प्रमाण पत्र संलग्न करे)

## घोषणा

मैं.............................................................. एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हू कि मेरे द्वारा जो विवरण आवेदन पत्र में प्रस्तुत किया गया है वह पूर्णतया सत्य है, कोई तथ्य छिपाा नही गया है। यदि कोई तथ्य/विवरण असत्य पाया जाये तो मेरा आवेदन पत्र निरस्त करते हुये मेरे विरूद्ध कार्यवाही की जायें।

संलग्नक–

अभ्यर्थी/अभ्यर्थिनी के हस्ताक्षर व पूरा पताः–

Scanned with CamScanner